State of California-Health and Human Services Agency
**Department of Health Care Services**
P.O. Box 989009, West Sacramento, CA 95798-9850

XX/XX/XXXX

S12 –

JOHN OR JANE SAMPLE
1234 SAMPLE STREET
ANYTOWN CA 90000

# आपके Medi-Cal लाभ बदल रहे हैं

प्रिय [Member Name]:

यह पत्र आपके स्वास्थ्य लाभों के बारे में है। आपके स्वास्थ्य कवरेज में एक बदलाव है। आपको अपनी स्वास्थ्य देखभाल अब इस **Medi-Cal स्वास्थ्य योजना के माध्यम से मिलेगी**:

| **नाम:** | **स्वास्थ्य योजना:** | **दाँतों की योजना:** | **प्रारंभ दिनांक:** |
|---|---|---|---|
| <Insert Bene's Namexxxx> | <Insert MCPxxxxxxxxxxxxxxx> | Medi-Cal Dental | 2/1/2020 |

## क्या बदल रहा है?

आपका स्वास्थ्य कवरेज बदलकर **पूर्ण दायरा (फुल स्कोप)** Medi-Cal सेवाएं हो गया है। अब आपके पास अधिक लाभ हैं। आपको Medi-Cal स्वास्थ्य योजना के माध्यम से देखभाल मिलेगी।

पूर्ण दायरा Medi-Cal के साथ, आपको Medi-Cal Fee-For-Service (नियमित Medi-Cal) स्वीकारने वाले किसी भी चिकित्सक से एक माह तक स्वास्थ्य देखभाल मिलती रह सकती है। किसी Medi-Cal स्वास्थ्य योजना में नामांकन करा लेने पर, आपको चिकित्सीय दृष्टि से आवश्यक सेवाएं उस स्वास्थ्य योजना के माध्यम से मिलेंगी।

## Medi-Cal स्वास्थ्य योजना क्या है?

Medi-Cal स्वास्थ्य योजना आपको चिकित्सीय दृष्टि से आवश्यक सेवाएं चिकित्सकों के एक "नेटवर्क" (समूह) के माध्यम से देती है। वे प्राथमिक और निरोधक देखभाल प्रदान करते हैं। जब आप किसी Medi-Cal स्वास्थ्य योजना से जुड़ जाएंगे, तो योजना में:

- अपनी देखभाल का प्रबंधन करने में मदद करें
- आपको डॉक्टरों और विशेषज्ञों को खोजने में मदद करें
- एक 24-घंटा नर्स सलाह लाइन होगी
- आपकी सहायता के लिए सदस्य सेवाएं होंगी
- चिकित्सीय मुलाकातों तक परिवहन के लिए आपको सहायता मिलेगी
- आपको ऐसी सेवाएं पाने में सहायता मिलेगी जिनकी आपको आवश्यकता हो सकती है पर जिन्हें उक्त योजना कवर नहीं करती है

## मुझे दंत सेवाएं कैसे मिलेंगी?
आपको दंत सेवाएं Medi-Cal डेंटल से मिलेंगी। दंत सेवाओं के बारे में और जानकारी के लिए, इस पत्र के साथ आया “अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)” पृष्ठ पढ़ें। आपको किसी ऐसे दंत-चिकित्सक के पास जाना होगा जो Medi-Cal डेंटल स्वीकारता हो। अपने समीप का कोई दंत-चिकित्सक ढूंढने के लिए, Medi-Cal दंत ग्राहक सेवा को **1-800-322-6384** (TTY: 1-800-735-2922) पर कॉल करें।

इस पत्र के साथ आए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न पृष्ठ में Medi-Cal के माध्यम से उपलब्ध अन्य सेवाओं के बारे में और जानकारी है। उनमें मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, मदिरा एवं मादक पदार्थ उपचार सेवाएं, दृष्टि (नेत्र) देखभाल, और अन्य चिकित्सीय दृष्टि से आवश्यक सेवाएं आती हैं।

## मैं अपनी Medi-Cal स्वास्थ्य योजना से किस प्रकार संपर्क कर सकता/ती हूं?
<**Insert COHS Plan Name**> से संपर्क करने के लिए

सदस्य सेवाओं को इस नंबर पर कॉल करें: <Member Services number and TTY here>

या उनकी इस वेबसाइट पर आएं: <insert web address>

जब आप ऊपर सूचीबद्ध Medi-Cal स्वास्थ्य योजना से जुड़ते हैं, तो योजना से आपको एक स्वागत पैकेट भेजा जाता है। आप आरंभ दिनांक पर या उसके बाद कोई Medi-Cal स्वास्थ्य योजना चिकित्सक चुन सकते हैं। अपना चिकित्सक चुनने और लाभों व सेवाओं के बारे में और जानने के लिए सदस्य सेवाओं के फोन नंबर पर कॉल करें।

यदि आपको अधिक मदद चाहिये तो Department of Health Care Services Ombudsman को सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 1-888-452-8609 पर कॉल करें। यह कॉल निःशुल्क है।

## यदि मेरे पास और प्रश्न हों तो?
### पदार्थ उपयोग विकार सेवाएँ
आपातकालीन परामर्श, निर्विषीकरण सेवाओं, और आवासीय या दीर्घकालिक बहिर्रोगी उपचार के लिए, मदिरा एवं अन्य मादक पदार्थ कार्यक्रम काउंटी निर्देशिका (Alcohol and Other Drugs Program County Directory) की इस वेबसाइट पर दिए गए अपने स्थानीय कार्यक्रम से संपर्क करें:
**www.dhcs.ca.gov/individuals/Pages/SUD_County_Access_Lines.aspx**

### मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ
ग़ैर-संकटकालीन प्रश्नों, सामान्य सेवाओं या जानकारी के लिए, काउंटी मानसिक स्वास्थ्य योजना संपर्क सूची (County Mental Health Plan Contact List) की इस वेबसाइट पर दिए गए अपने स्थानीय मानसिक स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें: **www.dhcs.ca.gov/individuals/Pages/MHPContactList.aspx**

ऊपर दी गई Medi-Cal स्वास्थ्य योजना में अपना नामांकन करवा लेने के बाद, आप मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में सहायता के लिए अपनी योजना के सदस्य सेवाएं फोन नंबर पर कॉल भी कर सकते हैं।

### Medi-Cal दंत ग्राहक सेवा
Medi-Cal दंत प्रदाता ढूंढने में सहायता के लिए, क्लीनिकल स्क्रीनिंग अपॉइंटमेंट की जानकारी के लिए, या Medi-Cal डेंटल कार्यक्रम से संबंधित सामान्य प्रश्नों के लिए:

कॉल करें: **1-800-322-6384** (TTY: 1-800-735-2922), पर सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे के बीच या इस वेबसाइट पर जाएं: **www.denti-cal.ca.gov/Beneficiaries/Denti-Cal**